दिन– शुक्रवार दिनांक– 09 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विकसित भारत युवा नेता संवाद –दो हजार छब्बीस का दूसरा संसकरण आज नई दिल्ली में शुरू होगा। बिहार के उनहत्तर प्रतिभागी भी होंगे शामिल।

02. केन्द्र सरकार सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलैस चिकित्सा उपचार योजना शुरू करेगी।

03. रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले के मामले में दिल्ली की एक अदालत राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ आरोप तय करने पर आज सुनायेगी फैसला।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रियता के कारण पूरे प्रदेश में भीषण ठंड का प्रकोप जारी। चार दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ गयाजी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा।

---

विकसित भारत युवा नेता संवाद –दो हजार छब्बीस का दूसरा संसकरण आज नई दिल्ली में शुरू होगा। युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि औपचारिक उद्घाटन समारोह कल राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की उपस्थिति में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की बारह तारीख को समापन समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री देश के युवा नेता से संवाद करेंगे। श्री मांडविया ने कहा कि चार दिवसीय इस कार्यक्रम में देश और विदेश से ढ़ाई हजार से अधिक युवा भाग लेंगे। युवा संवाद में बिहार के उनहत्तर प्रतिभागी भी शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसरो के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन सुभांशु शुक्ला और ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर प्रतिभागियों के साथ बातचीत करेंगे, जबकि भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर एक फायरसाइड संवाद में हिस्सा लेंगी। श्री मांडविया ने कहा कि इस संवाद में पुलेला गोपीचंद, लिएंडर पेस, पाल्की शर्मा, कैवल्य वोहरा, सिबाब्रत दास और आनंद कुमार सहित जाने–माने विशेषज्ञों के अलावा पद्म पुरस्कार विजेता और युवा सांसद तथा विधायक भी भाग लेंगे।

---

केन्द्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस चिकित्सा उपचार योजना शुरू करेंगे। श्री गडकरी ने नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों और परिवहन विकास परिषद की बैठक के बाद संवाददाता

सम्मेलन में यह जानकारी दी। श्री गडकरी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कम से कम सात दिन के लिए एक लाख पचास हजार रुपये तक का कैशलेस उपचार मिलेगा। सड़क दुर्घटना पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने में मदद करने वाले व्यक्ति को पच्चीस हजार रुपये का ईनाम दिया जाएगा।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत को 'मेड इन इंडिया' और 'मेड फॉर द वर्ल्ड' की भावना को दर्शाते हुए विश्व के सामने एक अनूठा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी मॉडल प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने नैतिक, निष्पक्ष, पारदर्शी और डेटा गोपनीयता सिद्धांतों पर आधारित भारतीय एआई मॉडल विकसित करने पर बल दिया। श्री मोदी ने नई दिल्ली में भारतीय एआई स्टार्टअप्स के साथ एक सम्मेलन की अध्यक्षता की। अगले महीने देश में आयोजित होने वाले इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट दो हजार छब्बीस से पहले, एआई फॉर ऑलरू ग्लोबल इम्पैक्ट चौलेंज के लिए अर्हता हासिल करने वाले बारह भारतीय एआई स्टार्टअप्स ने इस सम्मेलन में भाग लिया।

———————————————————————————

वस्त्र मंत्रालय ने कल गुवाहाटी में आयोजित वस्त्र मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में जिला–आधारित वस्त्र परिवर्तन पहल की शुरूआत की। वस्त्र उद्योग में समावेशी और सतत विकास को गति देने के लिए बनाई गई इस रणनीतिक पहल के अन्तर्गत जिलों को विजेता और आकांक्षी जिलों में वर्गीकृत किया गया है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

———————————————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज नई दिल्ली में रेलवे के एक सौ अधिकारियों को सत्तरवां अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार–दो हजार पच्चीस प्रदान करेंगे। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रेलवे जोन को पुरस्कार के रूप में छब्बीस शील्ड दी जाएंगी। ये पुरस्कार भारतीय रेलवे में अनुकरणीय सेवा और उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए जा रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कई अधिकारियों को भी सम्मानित किया जा जाएगा, जिन्होंने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में निर्बाध रेल सेवाएं सुनिश्चित कीं और जन राहत कार्यों में सहयोग दिया।

———————————————————————————

रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले के मामले में दिल्ली की एक अदालत आज राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ आरोप तय करने पर अपना फैसला सुनायेगी। इसके अलावा अन्य लोगों के खिलाफ भी अदालत फैसला सुना सकती है। इन सभी पर कथित रूप से नौकरी के बदले जमीन

घोटाले का आरोप है। गौरतलब है कि सीबीआई ने लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

————————————————————————————

वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा है कि तकनीक और संचार क्षेत्र में बिहार पांच वर्षों में विकास की नई तस्वीर पेश करेगा। पटना में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस में बजट पूर्व बैठक में उन्होंने कहा कि आगामी बजट में प्रदेश कृषि, स्वास्थ्य, ऊर्जा, तकनीक, संचार और उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में नये बिहार का निर्माण और रोजगार की सम्भावना तैयार करना प्रमुख उद्‌देश्य है। श्री यादव ने कहा कि अगले पांच सालों में सफलताओं को समेकित कर एक प्लेटफॉर्म पर लाने की जरूरत है ताकि विकसित बिहार की नई तस्वीर सामने आ सके। इस मौके पर कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

————————————————————————————

राज्य सरकार ने गन्ना के मूल्य में पन्द्रह से बीस रूपये प्रति क्विंटल की दर से वृद्धि की है। गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने कहा कि यह वृद्धि पेराई सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस से ही प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि चीनी मिल मालिकों की सहमति से गन्ना मूल्य में वृद्धि की गयी है।

————————————————————————————

प्रदेश में अन्य राज्यों की तर्ज पर एक्सप्रेस–वे बनाने के लिए सरकार ने विशेष पहल की है। पथ निर्माण मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा है कि सरकार की योजना है कि आने वाले समय में बिहार के लोगों को अन्य राज्य के किसी भी कोने से आने–जाने में कम से कम समय लगे। इसी सिलसिले में विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल के नेतृत्व में चार सदस्यीय अधिकारियों की टीम तीन दिवसीय दौरे पर मुम्बई गयी है। टीम के सदस्य मुम्बई–पुणे एक्सप्रेस–वे और मुम्बई–नागपुर एक्सप्रेस–वे का निरीक्षण करेंगे। साथ ही महाराष्ट्र सरकार की ओर से बनाये गये एक्सप्रेस–वे मॉडल को भी देखेंगे।

————————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण पूरे प्रदेश में भीषण ठंड का प्रकोप जारी है। ठंडी हवाओं के कारण पटना सहित पूरे राज्य में जनजीवन प्रभावित हुआ है। अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस के नीचे आ गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले तीन दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में

शीत दिवस की स्थिति बनने की सम्भावना है। वहीं, पटना सहित पूरा प्रदेश में अगले सात दिनों तक घना कोहरा छाया रहेगा। पिछले चौबीस घंटों के दौरान गयाजी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान चार दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पांच दिनों के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। आज राज्य के कई हिस्सों में शीत दिवस जैसी स्थिति बनी रहेगी। वहीं, सुबह के समय घना कोहरा छाया रहने का पूर्वानुमान है।

---बाइट---

---

इधर, कड़ाके की ठंड को देखते हुए पटना और जहानाबाद जिला प्रशासन ने सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में ग्यारह जनवरी तक और बेगूसराय, सुपौल तथा भोजपुर जिला प्रशासन ने दस जनवरी तक वर्ग आठ तक की कक्षाओं के संचालन पर रोक लगा दी है। वहीं, सीतामढ़ी, खगड़िया, मुंगेर, शेखपुरा और कैमूर में भी विभिन्न तिथियों में आठवीं तक की कक्षाओं में पठन-पाठन स्थगित कर दी गयी है।

---

वैशाली जिले में उद्यमियों के साथ जिला प्रशासन की ओर से उद्यमी संवाद काय्रक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम सरकार की सात निश्चय तीन योजना के अन्तर्गत समृद्ध उद्योग और सशक्त बिहार अभियान के तहत आयोजित किया गया है।

---बाईट---

---

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी, एनटीए ने जेईई मेन के लिए पहले सत्र की परीक्षा के लिए सूची जारी कर दी है। सूची में अभ्यर्थी को किस शहर में परीक्षा केन्द्र आवंटित हुआ है इसकी सूचना दी गयी है। परीक्षार्थी एजेंसी की वेबसाईट पर जाकर सूची डाउनलोड कर सकते हैं। पहले चरण की परीक्षा इक्कीस से उनतीस जनवरी तक आयोजित होगी।

इधर, भारतीय बार काउंसिल, बीसीआई ने ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन का परिणाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में एक लाख चौहत्तर हजार तीन सौ छियासी अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है।

---

पूर्णिया जिले के कसबा थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर मादक पदार्थ हेरोईन के साथ एक महिला तस्कर सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला वैशाली जिले की रहने वाली है।

———————————————————————————

नालंदा जिले में सीआरपीएफ के अंठावन बैच तेरह सौ चौवालीस जवानों ने देश की सेवा की शपथ ली। दीक्षांत परेड समारोह में सीआरपीएफ के अपर महानिदेशक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये। वहीं, जिले के कतरीसराय थाना क्षेत्र से पुलिस ने दस साईबर ठगों को अठारह स्मार्ट फोन और नकद के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स पटना में साढ़े चौवालीस लाख रूपये गबन के मामले में मुख्य कैशियर अनुराग अमन को गिरफ्तार किया गया है। एम्स प्रशासन ने आरोपी पर कार्रवाई करते हुये निलंबित कर दिया है। आरोपी पर वित्तीय अभिलेखों में बड़े पैमाने पर अनियमितता पाई गयी है।

———————————————————————————

अब खेल से जुड़ी खबरें...

छत्तीसगढ़ के दुर्ग में आयोजित नेशनल स्कूल गैम्स के अंडर फोर्टीन कबड्डी प्रतियोगिता में बिहार उप विजेता बना है। खेल गये फाईनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ के खिलाफ बिहार टीम का हार का सामना करना पड़ा।

रांची में आयोजित उनसठवीं नेशनल स्कूल गैम्स अंडर सेवेनटीन की तीरंगदाजी प्रतियोगिता में बिहार के समर्थ कुमार ने रजत पदक प्राप्त किया है।

इधर, द्वीव में आयोजित खेलो इंडिया बीच गैम्स में बिहार ने पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में बिहार का यह पहला पदक है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– प्रवर्तन निदेशालय ने बिहार सहित छह राज्यों के पन्द्रह ठिकानों पर की कार्रवाई। चालीस विभागों के नाम पर नौकरी का फर्जीवाड़ा।

दैनिक जागरण लिखता है– पटना समेत कई सिविल कोर्ट को उड़ाने की धमकी।

दैनिक भास्कर ने जनगणना से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– बिहार में जनगणना का काम मई से, पहले चरण में मकानों की गिनती।

प्रभात खबर का शीर्षक है– अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दो बड़े फैसलों से विश्व में हलचल। अखबार लिखता है–रूस के तेल खरीदना बंद करने का दबाव, भारत पर भी लग सकता है पांच सौ प्रतिशत टैरिफ।

आज अखबार का शीर्षक है– महिला प्रीमियर लीग का आगाज आज से।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विकसित भारत युवा नेता संवाद –दो हजार छब्बीस का दूसरा संसकरण आज नई दिल्ली में शुरू होगा। बिहार के उनहत्तर प्रतिभागी भी होंगे शामिल।

02. केन्द्र सरकार सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलैस चिकित्सा उपचार योजना शुरू करेगी।

03. रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले के मामले में दिल्ली की एक अदालत राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ आरोप तय करने पर आज सुनायेगी फैसला।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रियता के कारण पूरे प्रदेश में भीषण ठंड का प्रकोप जारी। चार दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ गयाजी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।